**MPS-003**

# राजनीति विज्ञान

## स्नातकोत्तर कार्यक्रम (MPS)

### सत्रीय कार्य

**(प्रथम वर्ष)**

### जुलाई 2026 एवं जनवरी 2027 सत्र

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (School of Social Sciences)

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**एम.ए. (राजनीति विज्ञान)**

**अनिवार्य पाठ्यक्रम**

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका (Programme Guide) में स्पष्ट किया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक ट्यूटर द्वारा मूल्यांकित सत्रीय कार्य (TMA) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान में मास्टर्स कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य शामिल हैं। सत्रांत परीक्षा (Term-end examination) में बैठने के पात्र होने के लिए आपको सभी सत्रीय कार्य निर्धारित समय के भीतर जमा करने होंगे। सत्रीय कार्यों को हल करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर किसी विशेष खंड के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा और आप सत्रांत परीक्षा के लिए भली-भांति तैयार होंगे।

इन सत्रीय कार्यों सहित आपके सभी असाइनमेंट आपके अध्ययन केंद्र (Study Centre) के समन्वयक (Coordinator) के पास जमा किए जाने चाहिए। जमा किए गए सत्रीय कार्यों के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद प्राप्त करना और उसे सुरक्षित रखना याद रखें। यदि संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी अपने पास अवश्य रखें। मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र को सत्रीय कार्य आपको वापस करने होंगे। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए दिए गए अंकों को नोट करेगा और उन्हें इग्नू, नई दिल्ली के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (Student Evaluation Division - SED) को अग्रेषित करेगा।

**जमा करने की प्रक्रिया (Submission):** पूर्ण किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार जमा किए जाने चाहिए।

| सत्र | जमा करने की अंतिम तिथि | किसे जमा करें? |
|---|---|---|
| जुलाई 2026 सत्र के लिए<br><br>जनवरी 2027 सत्र के लिए | मार्च 31, 2027<br><br>सितंबर 30, 2027 | आपको आवंटित अध्ययन केंद्र के समन्वयक को |

आपको शुभकामनाओं सहित,

**राजनीति विज्ञान संकाय**

**भारत: लोकतंत्र और विकास (MPS-003)**
**अध्यापक द्वारा मूल्यांकित असाइनमेंट (TMA)**

**पाठ्यक्रम कोड:** MPS-003
**असाइनमेंट कोड:** ASST/TMA/2026-27
**अधिकतम अंक:** 100

**नोट:** दोनों खंडों में से कम-से-कम दो-दो प्रश्नों का चयन करते हुए कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **500 शब्दों** में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **20 अंक** का है।

**खंड – I**

1. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत की विकास की रणनीतियों को आकार देने वाले प्रतिस्पर्धी विकास मॉडलों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। राष्ट्रीय आंदोलन के अनुभवों ने इन विकल्पों को कैसे प्रभावित किया?
2. भारतीय संविधान का, सामाजिक परिवर्तन के एक साधन के रूप में परीक्षण कीजिए। जाति और वर्ग आधारित असमानताओं को दूर करने में यह किस सीमा तक सफल रहा है?
3. भारत में संघवाद और लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण के बीच संबंधों का विश्लेषण कीजिए। वह कौन-कौन से कारक हैं जो स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं को प्रभावी रूप से शक्तियों के हस्तांतरण में बाधा उत्पन्न करते हैं?
4. भारत में राजनीतिक भागीदारी की बदलती प्रकृति की व्याख्या कीजिए। लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में राजनीतिक दलों तथा गैर-दलीय संस्थाओं की क्या भूमिका है?
5. निम्नलिखित पर लगभग **250-250 शब्दों** में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
   **(क)** नौकरशाही और लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व
   **(ख)** मीडिया और सार्वजनिक नीति

**खंड – II**

6. स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में भारत की मानव संसाधन विकास यात्रा के अनुभवों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
7. लैंगिक असमानताएँ भारत में विकास के परिणामों को किस प्रकार प्रभावित करती हैं? विकास के प्रति लैंगिक-संवेदनशील दृष्टिकोण के महत्व की विवेचना कीजिए।
8. भारत में क्षेत्रीय असंतुलन और प्रवासन के मध्य संबंधों पर प्रकाश डालिए। ये प्रक्रियाएँ कैसे असमान विकास को और अधिक सुदृढ़ करती हैं?
9. आर्थिक सुधार तथा वैश्वीकरण भारत में लोकतंत्र और विकास को कैसे प्रभावित करते हैं? असमानता और पर्यावरणीय सततता के विशेष संदर्भ में समझायें।
10. निम्नलिखित पर लगभग **250-250 शब्दों** में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
    **(क)** धार्मिक राजनीति और लोकतांत्रिक विकास
    **(ख)** नृजातीयता और राष्ट्र-राज्य